Series CB1DA/3

**SET-2**

प्रश्न–पत्र कोड **4/3/2**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र कोड को उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में **18** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न–पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर–पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न–पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (ब)
# HINDI (B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **18** प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खंड हैं – **खंड-'अ'** और **खंड-'ब'** ।*

*(iii)* ***खंड-'अ'** में उप-प्रश्नों सहित **45** बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल **40** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(iv)* ***खंड-'ब'** में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।*

*(v)* *प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।*

*(vi)* *यथासंभव **दोनों** खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*

## खंड – 'अ'

## (बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

गरमियों के दिन 'छुट्टी और यात्रा' पर जाने के दिन होते हैं । 'छुट्टी पर जाने' का यह अनुराग काफ़ी आधुनिक है, क्योंकि लोग 'कर्मोन्मत्त' बन गए हैं और वे जो कुछ भी करते हैं या नहीं करते हैं, वह उनके लिए तनाव पैदा करता है । पहले 'छुट्टी' शब्द मूल रूप से धार्मिक दिनों के लिए इस्तेमाल होता था; आजकल इसका मतलब सामान्य दिनों के विपरीत आराम या विश्राम का कोई विशेष दिन है । लेकिन असली सवाल है कि छुट्टी पर जाने से पहले क्या आपका मन और शरीर नई जगह का आनंद लेने की स्थिति में है ? यात्रा की सारी तैयारी बाहरी होती है, लोग विश्राम की भाषा पूरी तरह भूल चुके हैं ।

जब आप कुछ नहीं करते, तो यह मत सोचना कि समय बर्बाद हो रहा है । कुछ न करने के दौरान आपकी ऊर्जा खुद को स्वस्थ करती है । सतत काम करते रहने का जुनून ही आपको छुट्टी का आनंद नहीं लेने देता । आप जहाँ हैं, वहाँ मौजूद रहना सीखें, इसका अर्थ है – अभी और यहीं होना । बाहरी दुनिया के बिना जीवित रहना सीखें । इसका स्पष्ट मतलब है, अपने साथ रहना शुरू करें, खुद को जानना सीखें । छुट्टी का मतलब यह कदापि नहीं कि आप सिर्फ कामकाज से दूरी बनाएँ, बल्कि अपने मन, उसके दबावों और उलझनों से भी दूरी बनाइए ।

(i) 'छुट्टी पर जाने का यह अनुराग काफ़ी आधुनिक है' – पंक्ति का आशय है –

(A) प्राचीन समय में लोग छुट्टियों का आनंद घर पर ही लेते थे ।

(B) छुट्टियों में घर से बाहर जाने का प्रचलन वर्तमान समय की देन है ।

(C) वर्तमान समय में छुट्टियों के प्रति प्रेम बढ़ा है ।

(D) कार्यस्थलों/शिक्षा केन्द्रों में छुट्टी पर जाने का प्रचलन बढ़ा है ।

(ii) 'कर्मोन्मत्त' शब्द का अर्थ है –

(A) कार्य से विमुख (B) कार्य करने का आदी

(C) कार्य न करने का आदी (D) आराम करने का आदी

(iii) यात्रा पर निकलने से पहले क्या आवश्यक है ?

(A) गंतव्य स्थल की जानकारी हासिल करना

(B) गंतव्य स्थल की टिकट बुक कराना

(C) आवश्यक सामान को बैग में डालना

(D) तन और मन को आनंद लेने के लिए तैयार करना

(iv) गद्यांश के अनुसार कुछ न करने से भी समय बर्बाद नहीं होता, क्यों ?

(A) शरीर की ऊर्जा नष्ट नहीं होती ।

(B) शरीर की ऊर्जा खुद को स्वस्थ करती है ।

(C) हम आत्मावलोकन करते हैं ।

(D) तन और मन को विश्राम मिलता है ।

(v) 'जहाँ हैं, वहाँ मौजूद रहना' का अभिप्राय है –

(A) निर्धारित स्थल पर उपस्थित रहना ।

(B) बिना हिले-डुले एक स्थान पर बने रहना ।

(C) एक ही स्थान पर लंबे समय तक बने रहना ।

(D) शारीरिक उपस्थिति के साथ मानसिक उपस्थिति का होना ।

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

"जब गांधीजी जीवित थे, हम अपनी गुत्थियों को सुलझाने के लिए प्रायः उनके पास पहुँचा करते थे । परन्तु आज वह स्थूल रूप में हमारे बीच विद्यमान नहीं हैं । हमको अब पथ-निर्देश के लिए जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उनके सिखाए सुन्दर उसूलों का आश्रय लेना होगा ।" उपर्युक्त शब्द 30 अप्रैल, 1948 को गांधीजी के सिद्धांतों का स्मरण करते हुए श्री गोविन्दवल्लभ पंत ने रेडियो में प्रसारित एक भाषण के दौरान कहे थे । पंत जी ने कहा सत्य और अहिंसा गांधीजी के जीवन का मूल मंत्र था । उन्होंने मूलतः इन्हीं दो उसूलों पर भारत की स्वतंत्रता के महल को खड़ा करने में खून-पसीना एक किया और जो सफलता उन्हें प्राप्त हुई वह अपूर्व है । गांधीजी का यह विश्वास था कि कोई भी सरकार तब तक लोकप्रिय नहीं हो सकती जब तक कि आधारतः इन दो सिद्धांतों का पालन न करे । सत्य और अहिंसा भारत की संस्कृति की आधारशिलाएँ हैं । हमारे पूर्वजों में से महावीर व बुद्ध प्रभृति बहुत से महापुरुषों ने अपनी शिक्षाओं में इन सिद्धांतों को सर्वोपरि स्थान दिया है । इन्हीं सिद्धांतों को व्यापक रूप देने और एक वृहद् मानव समुदाय के कष्ट निवारण के लिए उनको प्रयोग करने का श्रेय महात्माजी को ही है । परन्तु उनकी अहिंसा कायर की लाचारी का अन्तिम अस्त्र नहीं थी । उनकी अहिंसा उन बलवानों की अहिंसा है, जो किसी सदुद्देश्य के लिए करने या मरने में विश्वास रखते हैं ।

पश्चिम देशों ने गत दो महायुद्धों से कोई पाठ ग्रहण नहीं किया, जबकि इनसे विश्व को न केवल सामान की क्षति, बल्कि करोड़ों जान का नुकसान भी उठाना पड़ा है । ये राष्ट्र अब भी एक-दूसरे के विरुद्ध घृणा और संदेह का बीजारोपण कर रहे हैं । अभी समय है कि विश्व बापू की शिक्षाओं से शान्ति, भाईचारे और साम्प्रदायिक ऐक्य का पाठ ग्रहण करे ।

(i) 'जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पथ-निर्देश के लिए गांधीजी के द्वारा सिखाए उसूलों का आश्रय लेना होगा ।' – पंत जी द्वारा ऐसा क्यों कहा गया ?

(A) गांधीजी विश्व प्रसिद्ध व्यक्ति थे ।

(B) गांधीजी आज हमारे बीच जीवित नहीं हैं ।

(C) गांधीजी की शिक्षाओं से ही विश्व में शांति संभव है ।

(D) गांधीजी ने देश को स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए मार्ग प्रशस्त किया ।

(ii) गांधीजी द्वारा स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए किन जीवन-मूल्यों को महत्त्व दिया ?

(A) सत्य और अहिंसा (B) त्याग और बलिदान

(C) संयम और उदारता (D) संघर्ष और वीरता

(iii) संदर्भ के अनुसार गद्यांश में 'प्रभृति' शब्द का सटीक अर्थ हो सकता है –

(A) बड़े (B) बुद्धिमान

(C) विद्वान (D) आदि/इत्यादि

(iv) सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को व्यापक और व्यावहारिक रूप दिया –

(A) बुद्ध ने (B) गांधी ने

(C) महावीर ने (D) पंत ने

(v) गद्यांश के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं, सही उत्तर के लिए उचित विकल्प चुनकर लिखिए :

(i) सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर ही सरकार लोकप्रियता प्राप्त कर सकती है ।

(ii) युद्ध जन-धन की क्षति का कारक है ।

(iii) अहिंसा कायर की विवशता का अस्त्र है ।

**विकल्प :**

(A) केवल कथन (i) सही है । (B) कथन (i) और (ii) सही हैं ।

(C) कथन (ii) और (iii) सही हैं । (D) कथन (i), (ii) और (iii) सही हैं ।

3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित **पाँच** बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) तीन बजे से ही मैदान में हज़ारों आदमियों की भीड़ जमा होने लगी । रेखांकित पदबंध का भेद है –

(A) संज्ञा पदबंध (B) सर्वनाम पदबंध

(C) विशेषण पदबंध (D) क्रिया पदबंध

(ii) बड़े बाज़ार के प्रायः सभी मकानों पर राष्ट्रीय झंडा फहरा रहा था । रेखांकित पदबंध का भेद है –

(A) सर्वनाम पदबंध (B) विशेषण पदबंध

(C) क्रिया पदबंध (D) क्रिया-विशेषण पदबंध

(iii) निम्नलिखित में से क्रिया-विशेषण पदबंध का उदाहरण छाँटकर लिखिए :

(A) पक्षियों की सायंकालीन चहचहाहटें शनैः शनैः क्षीण होने को थी ।

(B) पक्षियों की सायंकालीन चहचहाहटें शनैः शनैः क्षीण होने को थी ।

(C) पक्षियों की सायंकालीन चहचहाहटें शनैः शनैः क्षीण होने को थी ।

(D) पक्षियों की सायंकालीन चहचहाहटें शनैः शनैः क्षीण होने को थी ।

(iv) 'तताँरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था ।' – इस वाक्य में विशेषण पदबंध होगा –

(A) तताँरा एक नेक (B) नेक और मददगार व्यक्ति

(C) एक नेक और मददगार (D) मददगार व्यक्ति था

(v) 'उसके चर्चित साहसिक कारनामों का कारण लोग तलवार में अद्‌भुत शक्ति का होना मानते थे ।' इस वाक्य में संज्ञा पदबंध का उदाहरण है –

(A) चर्चित साहसिक

(B) कारनामों का कारण

(C) अद्‌भुत शक्ति का होना

(D) चर्चित साहसिक कारनामों

4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित **पाँच** बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) 'निकोबारियों का विश्वास है कि प्राचीन काल में ये दोनों द्वीप एक ही थे ।' – रचना के आधार पर वाक्य-भेद है –

(A) सरल वाक्य (B) संयुक्त वाक्य

(C) मिश्र वाक्य (D) साधारण वाक्य

(ii) स्तंभ 1 और स्तंभ 2 को सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए :

| | **स्तंभ – 1** | | **स्तंभ – 2** |
|---|---|---|---|
| 1. | इनके विभक्त होने की एक लोककथा आज भी दोहराई जाती है । | I. | संयुक्त वाक्य |
| 2. | इनके विभक्त होने की एक लोककथा है और वह आज भी दोहराई जाती है । | II. | मिश्रित वाक्य |
| 3. | इनके विभक्त होने की एक लोककथा है जो आज भी दोहराई जाती है । | III. | सरल वाक्य |

(A) (1-II), (2-III), (3-I) (B) (1-III), (2-I), (3-II)

(C) (1-III), (2-II), (3-I) (D) (1-II), (2-I), (3-III)

(iii) निम्नलिखित वाक्यों में सरल वाक्य है :

(A) महादेवी वर्मा को आधुनिक युग की मीरा के रूप में माना गया है ।

(B) अज्ञान रूपी जो अंधकार है वह आत्मा और परमात्मा के मिलन में बाधा है ।

(C) उस पर चिड़ियाँ बैठकर बातें करती हैं तथा अंदर भी घुस जाती हैं ।

(D) कवयित्री प्रभु से प्रार्थना करती है कि उसके मार्ग को प्रशस्त करें ।

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में संयुक्त वाक्य है :

(A) उक्त द्वीप में विद्वेष गहरी जड़ें जमा चुका था ।

(B) खुला चैलेंज देकर ऐसी सभा पहले नहीं की गई थी ।

(C) गोरखे तथा सारजेंट प्रत्येक मोड़ पर तैनात थे ।

(D) प्रेम सबको जोड़ता है और घृणा दूरी बढ़ाती है ।

(v) 'बड़े भाई साहब के प्रति मेरे मन में श्रद्धा उत्पन्न हुई ।' – इस वाक्य का मिश्र वाक्य होगा –

(A) मेरे मन में श्रद्धा उत्पन्न हुई और वह बड़े भाई साहब के प्रति थी ।

(B) भाई साहब के बड़े होने के कारण मेरे मन में उनके प्रति श्रद्धा उत्पन्न हुई ।

(C) मेरे मन में जो श्रद्धा उत्पन्न हुई वह बड़े भाई साहब के प्रति थी ।

(D) मेरे मन में श्रद्धा उत्पन्न होने का कारण भाई साहब का बड़ा होना था ।

5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित **पाँच** बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्पों को चुनकर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) 'त्रिफला' समस्तपद कौन-से समास का उदाहरण है ?

(A) अव्ययीभाव समास (B) द्विगु समास

(C) कर्मधारय समास (D) बहुव्रीहि समास

(ii) 'विद्याधन' समस्तपद का विग्रह होगा –

(A) विद्या का धन (B) विद्या और धन

(C) धन रूपी विद्या (D) विद्या रूपी धन

(iii) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| समस्तपद | | समास |
|---|---|---|
| 1. | चक्रपाणि | कर्मधारय समास |
| 2. | रोगमुक्त | तत्पुरुष समास |
| 3. | यथानियम | अव्ययीभाव समास |
| 4. | रात दिन | द्विगु समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन–से सही सुमेलित हैं ?

(A) (1) और (2)
(B) (3) और (4)
(C) (2) और (3)
(D) (1) और (4)

(iv) निम्नलिखित में कौन–सा समस्तपद बहुव्रीहि समास और कर्मधारय समास दोनों का उदाहरण है ?

(A) अंधकूप
(B) नीलकंठ
(C) कनकलता
(D) स्त्रीरत्न

(v) 'ग्रामवास' समस्तपद के लिए सही समास–विग्रह और समास के नाम का चयन कीजिए :

(A) ग्राम में वास – तत्पुरुष समास
(B) ग्राम और वास – द्वंद्व समास
(C) ग्राम का वासी है जो – कर्मधारय समास
(D) ग्राम का वास – बहुव्रीहि समास

6. निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित निम्नलिखित **छह** बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| स्तंभ – 1 | | स्तंभ – 2 |
|---|---|---|
| 1. | लाज रखना | सम्मान की रक्षा करना |
| 2. | आपा खोना | अहंकार समाप्त होना / नियंत्रण खोना |
| 3. | छक्के छुड़ाना | मैदान मारना |
| 4. | मुँह बंद होना | अंत समय नजदीक होना |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन–से सही सुमेलित हैं ?

(A) (1) और (2)
(B) (2) और (3)
(C) (1) और (3)
(D) (2) और (4)

(ii) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कर लिखिए ।

(A) तू-तू, मैं-मैं – लड़ाई झगड़ा

(B) तारे गिनना – समय का हिसाब लगाना

(C) दाँतों तले उँगली दबाना – बूते से बाहर होना

(D) बाल-बाल बचना – गंजे होने से बचना

(iii) 'काम तमाम करना' मुहावरे का सही अर्थ है –

(A) अंत करना (B) कार्य समाप्त करना

(C) आराम करना (D) लक्ष्य तक पहुँचाना

(iv) 'व्यापार में सफल होने के लिए ________ पड़ता है ।'

रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरा छाँटकर कीजिए ।

(A) आँखें फोड़ना (B) दिन-रात एक करना

(C) तराजू पर तौलना (D) दो से चार बनाने का गणित

(v) "महँगाई इतनी है कि बहुत परिश्रम करने के बाद भी घर का गुजारा नहीं चलता ।" वाक्य में रेखांकित अंश के लिए कौन-सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित रहेगा ?

(A) खाक छानना (B) सिर पर कफन बाँधना

(C) नक्शा बनाना (D) दिन-रात एक करना

(vi) 'जरा भी अच्छा न लगना' अर्थ के लिए उचित मुहावरा है –

(A) आस्तीन का साँप (B) फूटी आँख न सुहाना

(C) दूध की मक्खी (D) सिर चकराना

7. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

ग्वालियर से बंबई की दूरी ने संसार को काफ़ी कुछ बदल दिया है । वर्सोवा में आज जहाँ मेरा घर है, पहले यहाँ दूर तक जंगल था । पेड़ थे, परिंदे थे और दूसरे जानवर थे । अब यहाँ समंदर के किनारे लंबी–चौड़ी बस्ती बन गई है । इस बस्ती ने न जाने कितने परिंदों–चरिंदों से उनका घर छीन लिया है । इनमें से कुछ शहर छोड़कर चले गए हैं । जो नहीं जा सके हैं उन्होंने यहाँ–वहाँ डेरा डाल लिया है । इनमें से दो कबूतरों ने मेरे फ्लैट के एक मचान में घोंसला बना लिया है । बच्चे अभी छोटे हैं । उनके खिलाने–पिलाने की जिम्मेदारी अभी बड़े कबूतरों की है । वे दिन में कई–कई बार आते–जाते हैं । और क्यों न आएँ–जाएँ आखिर उनका भी घर है । लेकिन उनके आने–जाने से हमें परेशानी भी होती हैं । वे कभी किसी चीज को गिराकर तोड़ देते हैं । कभी मेरी लाइब्रेरी में घुसकर कबीर या मिर्ज़ा गालिब को सताने लगते हैं । इस रोज़–रोज़ की परेशानी से तंग आकर मेरी पत्नी ने उस जगह जहाँ उनका आशियाना था, एक जाली लगा दी है, उनके बच्चों को दूसरी जगह कर दिया है । उनके आने की खिड़की को भी बंद किया जाने लगा है । खिड़की के बाहर अब दोनों कबूतर रातभर खामोश और उदास बैठे रहते हैं ।

(i) पहले वर्सोवा की क्या स्थिति थी ?

(A) दूर तक सुनसान था । (B) समुद्र किनारे बस्ती थी ।

(C) आवागमन के साधन नहीं थे । (D) प्राकृतिक परिवेश था ।

(ii) 'इस बस्ती ने न जाने कितने परिंदों–चरिंदों से उनका घर छीन लिया' – पंक्ति संकेत करती है –

(A) बढ़ते शहरीकरण के दुष्परिणामों की ओर

(B) बढ़ते शहरीकरण से जीव-जंतुओं के बेघर होने की ओर

(C) जीव-जंतुओं के प्राकृतिक आशियानों से चले जाने की ओर

(D) जीव-जंतुओं की प्रजातियाँ विलुप्त हो जाने की ओर

(iii) 'जो नहीं जा सके हैं उन्होंने यहाँ-वहाँ डेरा डाल लिया है' – पंक्ति में 'डेरा डालना' का आशय है –

(A) स्थायी पड़ाव बनाना । (B) अस्थायी पड़ाव बनाना ।

(C) जबरदस्ती घर बनाना । (D) किसी भी प्रकार से रहना ।

(iv) कबूतर लेखक के घर क्यों आया-जाया करते थे ?

(A) उस घर को अपना मानने के कारण

(B) वहाँ अपना घोंसला होने के कारण

(C) खिड़की खुली होने के कारण

(D) अपने बच्चों को खिलाने-पिलाने के लिए

(v) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए :

**कथन :** खिड़की के बाहर दोनों कबूतर रातभर खामोश और उदास बैठे रहते थे ।

**कारण :** उनका आशियाना छिन गया था ।

(A) कथन तथा कारण दोनों गलत हैं ।

(B) कारण सही है, किंतु कथन गलत है ।

(C) कथन सही है, लेकिन कारण उसकी गलत व्याख्या करता है ।

(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है ।

8. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित उत्तर वाले विकल्प का चयन कर लिखिए : **$2 \times 1 = 2$**

(i) 'व्यथा आदमी को पराजित नहीं करती, उसे आगे बढ़ने का संदेश देती है ।' – पंक्ति का भाव है –

(A) जीवन की प्रत्येक घटना किसी उद्देश्य को लेकर घटित होती है ।

(B) सुख-दुख का सम्मिश्रण ही जीवन का आधार है ।

(C) विपरीत परिस्थितियाँ मनुष्य को सक्षम बनाने में सहायक हैं ।

(D) विपरीत परिस्थितियाँ मनुष्य को सुखों की ओर अग्रसर करती हैं ।

(ii) बड़े भाई साहब को लेखक की निगरानी का पूरा और जन्मसिद्ध अधिकार क्यों था ?

(A) आयु में बड़े होने के कारण

(B) बड़ी जमात में पढ़ने के कारण

(C) अधिक गुणी होने के कारण

(D) पारिवारिक संस्कारों के कारण

9. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

सुखिया सब संसार है, खायै अरू सोवै ।
दुखिया दास कबीर है, जागै अरू रोवै ।।

बिरह भुवंगम तन बसै, मंत्र न लागै कोइ ।
राम बियोगी ना जिवै, जिवै तो बौरा होइ ।।

(i) पहले दोहे में 'सोना' और 'जागना' प्रतीकार्थ है –

(A) अज्ञानता और ज्ञान का
(B) निष्क्रियता और सक्रियता का
(C) अचेतनता और चेतनता का
(D) निर्जीवता और सजीवता का

(ii) कबीर दुखी हैं क्योंकि वे –

(A) एकाकी जीवन व्यतीत कर रहे हैं ।
(B) ईश्वर से वियोग के कारण व्यथित हैं ।
(C) सांसारिक सुखों का भोग नहीं कर पा रहे हैं ।
(D) ईश्वरीय सत्य से लोगों को परिचित नहीं करवा पा रहे हैं ।

(iii) 'मंत्र न लगना' का आशय है –

(A) मंत्रों का निष्फल होना
(B) पूजा–पाठ का काम न आना
(C) कोई उपाय काम न आना
(D) मंत्रोच्चार की विधि न जानना

(iv) राम वियोगी व्यक्ति की तुलना किससे की गई है ?

(A) विक्षिप्त व्यक्ति से
(B) विरह रूपी व्यक्ति से
(C) विष युक्त सर्प के तन से
(D) विरह रूपी सर्प से ग्रसित व्यक्ति से

(v) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए :

**कथन :** सांसारिक मनुष्य सुख-पूर्वक जीवन यापन कर रहे हैं ।

**कारण :** वह भौतिक सुखों को ही सच्चा सुख मानते हैं ।

(A) कथन तथा कारण दोनों गलत हैं ।

(B) कारण सही है, किंतु कथन गलत है ।

(C) कथन सही है, लेकिन कारण कथन की गलत व्याख्या करता है ।

(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है ।

10. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित उत्तर वाले विकल्प का चयन कर लिखिए : **2 × 1 = 2**

(i) 'मनुष्यता' कविता के अनुसार संसार में मनुष्यों की स्थिति में भिन्नता का कारण है –

(A) भौगोलिक परिस्थितियाँ (B) आर्थिक परिस्थितियाँ

(C) मनुष्य द्वारा किए गए उसके कर्म (D) मनुष्य द्वारा प्राप्त किया गया ज्ञान

(ii) 'सर हिमालय का हमने न झुकने दिया' – पंक्ति का आशय है –

(A) देश के आत्मसम्मान और गौरव पर आँच न आने देना ।

(B) हिमालय की ओर से शत्रुओं को देश में प्रवेश न करने देना ।

(C) देश की आन-बान-शान हिमालय की रक्षा करना ।

(D) हिमालय की रक्षा के लिए प्राणों का बलिदान करना ।

## खंड – 'ब'

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

11. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित **तीन** प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में दीजिए : **2 × 3 = 6**

(क) 'बड़े भाई साहब' कहानी का नायक पतंग टूर्नामेंट की तैयारियाँ गुप्त रूप से करता था, क्यों ? उसके द्वारा ऐसा किया जाना क्या आपको उचित लगता है ? पक्ष अथवा विपक्ष में तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए ।

(ख) 'डायरी का पन्ना' पाठ से उद्धृत – 'यह सभा तो कहना चाहिए कि ओपन लड़ाई थी ।' – पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(ग) 'झेन की देन' पाठ में लेखक ने भूत और भविष्य की चिंता छोड़ वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी है । इस विषय पर आपके क्या विचार हैं ? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए ।

12. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित **तीन** प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में दीजिए : **2 × 3 = 6**

(क) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में वर्णित पर्वतीय प्रदेश की सुंदरता का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए ।

(ख) 'तोप' कविता के आधार पर तोप और चिड़िया की प्रतीकात्मकता स्पष्ट करते हुए लिखिए कि इस कविता के माध्यम से कवि ने क्या संदेश दिया है ?

(ग) 'कर चले हम फिदा' कविता से उद्धृत 'तोड़ दो हाथ अगर हाथ उठने लगे' पंक्ति के संदर्भ में लिखिए कि सैनिक देशवासियों से क्या अपेक्षा रखता है ?

13. पूरक पाठ्यपुस्तक पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में दीजिए : **2 × 3 = 6**

(क) 'हरिहर काका' कहानी समाज के किन पहलुओं की ओर ध्यान आकर्षित करती है ? आप अपने आस-पास रह रहे अकेले व्यक्ति की मदद कैसे करेंगे ?

(ख) 'भरे-पूरे परिवार में रहता हुआ भी व्यक्ति अकेला हो सकता है ।' 'हरिहर काका' और 'टोपी शुक्ला' कहानी के आधार पर इस कथन को सिद्ध कीजिए ।

(ग) 'सपनों के से दिन' पाठ में अंग्रेजों द्वारा गाँव के लोगों को सेना में भर्ती करने के लिए नौटंकी का सहारा लिया गया । वर्तमान समय में प्रचार-प्रसार के साधनों में, तरीकों में क्या अंतर आया है ?

14. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग **100** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : **5**

(क) कृत्रिम बौद्धिकता (आर्टीफीसियल इंटेलीजेंस) के बढ़ते कदम

संकेत बिंदु

- क्या है कृत्रिम बौद्धिकता
- बढ़ता प्रभाव
- संभावित लाभ एवं हानि

(ख) जब मुझे मेरा निजी स्मार्ट फोन मिला

संकेत बिंदु

- कब और क्यों मिला ?
- अवर्णनीय खुशी का अनुभव
- मित्रों और संबंधियों के साथ खुशी बाँटना

(ग) दैव-दैव आलसी पुकारा

संकेत बिंदु

• कथन का अर्थ • आलस्य सबसे बड़ा शत्रु • कर्म से ही सफलता

15. (क) आपकी सोसायटी में बिजली के खंभों की मरम्मत के कारण बिजली की आपूर्ति दो घंटे के लिए बाधित रहेगी । इस संदर्भ में जानकारी देते हुए सोसायटी सचिव की ओर से लगभग **60** शब्दों में एक सूचना पत्र तैयार कीजिए । **4**

**अथवा**

(ख) आपके विद्यालय में जल प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है । छात्र-कल्याण संगठन के अध्यक्ष होने के नाते कक्षा छठी से बारहवीं तक सभी छात्रों को इसकी विस्तृत जानकारी देने हेतु एक सूचना-पत्र लगभग **60** शब्दों में तैयार कीजिए । **4**

16. (क) प्रधानाचार्य, क.ख.ग. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की ओर से जिला के मुख्य चिकित्साधिकारी को लगभग **100** शब्दों में एक पत्र लिखिए जिसमें विद्यालय के छात्रों के स्वास्थ्य परीक्षण का निवेदन किया गया हो । **5**

**अथवा**

(ख) आप अपने विद्यालय के रसायन विज्ञान के अध्यापक हैं । रसायन विज्ञान की प्रयोगशाला के लिए आवश्यक उपकरण मँगवाने हेतु उपकरण विक्रेता को लगभग **100** शब्दों में पत्र लिखिए । **5**

17. (क) आपके पिताजी अपनी पुरानी स्कूटी बेचना चाहते हैं । स्कूटी संबंधी समस्त जानकारी देते हुए किसी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित करने के लिए लगभग **40** शब्दों में एक विज्ञापन का प्रारूप तैयार कीजिए । **3**

**अथवा**

(ख) आर्थिक दृष्टि से कमजोर छात्रों को निःशुल्क शिक्षण सुविधा उपलब्ध कराने हेतु क.ख.ग. स्कूल की ओर से एक आकर्षक विज्ञापन लगभग **40** शब्दों में तैयार कीजिए । **3**

18. (क) 'सच्चा मित्र' विषय पर लगभग **100** शब्दों में एक लघुकथा लिखिए । **5**

**अथवा**

(ख) बड़ी बहन के विवाह में सपरिवार सम्मिलित होने के लिए अपने मित्र को लगभग **100** शब्दों में ई-मेल द्वारा निमंत्रण पत्र भेजिए । **5**

---

## <u>अत्यंत गोपनीय-केवल आंतरिक एवं सीमित प्रयोग हेतु</u>

## सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, 2023-24

## अंक-योजना

## हिंदी 'ब' विषय कोड—085

## प्रश्न-पत्र कोड-- 4/3/1, 4/3/2, 4/3/3

सामान्य निर्देश:-

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है, जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा- प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है क्योंकि यह आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किये गए मूल्यांकन तथा कई अन्य पहलुओं से संबंधित है | इसका किसी भी तरह से सार्वजनिक रूप से लीक होना परीक्षा- प्रणाली के पटरी से उतरने का कारण बन सकता है और लाखों परीक्षार्थियों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकता है | इस नीति /दस्तावेज को किसी को भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना IPC के तहत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है |

3. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ।

4. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करे और आश्वस्त हो कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर-पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हो कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

5. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (√) लगाएँ और गलत उत्तर पर गलत का (×) । मूल्यांकन-कर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

6. यदि किसी प्रश्न का उपभाग हो तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर दायीं ओर अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग बायीं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

7. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

8. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें/ उन्हीं पर अंक दें।

9. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

10. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0 – 80 (उदाहरण 0--80 अंक जैसा कि प्रश्न-पत्र में दिया गया है) का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।

11. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

12. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं-

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना।
- उत्तर में दिए गए अंकों का योग ठीक न होना।
- उत्तर-पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि।
- योग करने में अंकों और शब्दों में अंतर होना।
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि।
- उत्तरों पर सही का चिह्न (√) लगाना किंतु अंक न देना।

13. प्रत्येक परीक्षक यह भी सुनिश्चित करेगा कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जाए, शीर्षक पृष्ठ की गई प्रविष्टि सही हो तथा कुल अंकों को आंकड़ों और शब्दों में लिखे।

14. उम्मीदवार निर्धारित प्रसंस्करण शुल्क के भुगतान पर अनुरोध कर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के हकदार हैं। अतः सभी मुख्य परीक्षकों/ अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों/ परीक्षकों/ समन्वयकों को एक बार फिर से याद दिलाया जाता है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मूल्यांकन योजना में दिए गए प्रत्येक उत्तर के लिए मूल्य-बिंदुओं के अनुसार मूल्यांकन किया जाए।

# अंक योजना

## हिंदी 'ब'(085)

| प्रश्न सं. | 4/3/1 | 4/3/2 | 4/3/3 | मूल्यांकन बिंदु | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **खंड - 'अ'**<br>**(बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्नों के उत्तर)** | |
| **1** | **1** | **2** | **1** | **अपठित गद्यांश** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न : | **5 x 1 = 5** |
| | (i) | (i) | (i) | (B) गांधीजी आज हमारे बीच जीवित नहीं हैं। | |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (A) सत्य और अहिंसा | |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (D) आदि/इत्यादि | |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (B) गांधी ने | |
| | (v) | (v) | (v) | (B) कथन (i) और (ii) सही हैं। | |
| **2** | **2** | **1** | **2** | **अपठित गद्यांश** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न : | **5 x 1 = 5** |
| | (i) | (i) | (i) | (B) छुट्टियों में घर से बाहर जाने का प्रचलन वर्तमान समय की देन है। | |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (B) कार्य करने का आदी | |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (D) तन और मन को आनंद लेने के लिए तैयार करना | |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (B) शरीर की ऊर्जा खुद को स्वस्थ करती है। | |
| | (v) | (v) | (v) | (D) शारीरिक उपस्थिति के साथ मानसिक उपस्थिति का होना | |
| **3** | **3** | **3** | **3** | **'पदबंध'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | **4 x 1 = 4** |
| | (i) | - | - | (C) मैं तो <u>खेलते-कूदते</u> दरजे में अव्वल आ गया। | |
| | (ii) | - | - | (A) संज्ञा पदबंध | |
| | (iii) | - | - | (D) आँचरहित एक ठंडा और उबाऊ | |
| | (iv) | - | - | (C) क्रिया पदबंध | |
| | (v) | - | - | (C) सूरज की अंतिम रंग-बिरंगी किरणों<br>नोट- विकल्प (D) में समुद्र शब्द के साथ 'पर' लगने के कारण यह स्थानवाचक क्रियाविशेषण है, अतः विकल्प (D) सही नहीं है। | |
| | - | (i) | - | (A) संज्ञा पदबंध | |
| | - | (ii) | - | (C) क्रिया पदबंध | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | (iii) | - | (C) पक्षियों की सांयकालीन चहचहाहटें <u>शनै: शनै:</u> क्षीण होने को थी। | |
| | - | (iv) | - | (C) एक नेक और मददगार | |
| | - | (v) | - | (D) चर्चित साहसिक कारनामों | |
| | | | | | |
| | - | - | (i) | (A) संज्ञा पदबंध | |
| | - | - | (ii) | (B) छींट की सस्ती साड़ी में लिपटी | |
| | - | - | (iii) | (B) बड़े-बड़े पार्कों तथा मैदानों को पुलिस ने <u>बहुत सवेरे से</u> ही घेर लिया था। | |
| | - | - | (iv) | (D) क्रिया पदबंध | |
| | - | - | (v) | (D) क्षितीश चटर्जी का फटा हुआ सिर | |
| **4** | **4** | **4** | **4** | **'रचना के आधार पर वाक्य भेद'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | **4 x 1 = 4** |
| | (i) | - | - | (B) लहरों के एक प्रबल वेग ने उसकी तंद्रा भंग की | |
| | (ii) | - | - | (B) संयुक्त वाक्य | |
| | (iii) | - | - | (A) (1 – III), (2 – I), (3 – II) | |
| | (iv) | - | - | (D) लोगों ने उसे ढूँढ़ने की बहुत कोशिश की किंतु उसका कोई पता नहीं चला। | |
| | (v) | - | - | (C) तताँरा के पास जो तलवार थी वह लोगों के लिए विलक्षण रहस्य थी। | |
| | | | | | |
| | - | (i) | - | (C) मिश्र वाक्य | |
| | - | (ii) | - | (B) (1 – III), (2 – I), (3 – II) | |
| | - | (iii) | - | (A) महादेवी वर्मा को आधुनिक युग की मीरा के रूप में माना गया है। | |
| | - | (iv) | - | (D) प्रेम सबको जोड़ता है और घृणा दूरी बढ़ाती है। | |
| | - | (v) | - | (C) मेरे मन में जो श्रद्धा उत्पन्न हुई वह बड़े भाई साहब के प्रति थी। | |
| | | | | | |
| | - | - | (i) | (A) लड़कियों ने अपने विद्यालय में झंडोत्सव मनाया। | |
| | - | - | (ii) | (A) सरल वाक्य | |
| | - | - | (iii) | (C) (1 – II), (2 – III), (3 – I) | |
| | - | - | (iv) | (B) वामीरो कुछ सचेत हुई और घर की तरफ़ दौड़ी। | |
| | - | - | (v) | (B) वहीदा रहमान ने उम्मीद के मुताबिक अभिनय किया। | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 5 | 5 | 5 | **'समास'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | **4 x 1 = 4** |
| | (i) | - | - | (C) तत्पुरुष समास | |
| | (ii) | - | - | (A) मन का रोग | |
| | (iii) | - | - | (D) आजीवन | |
| | (iv) | - | - | (A) शिर में वेदना - तत्पुरुष | |
| | (v) | - | - | (C) विद्यापति | |
| | - | (i) | - | (B) द्विगु समास | |
| | - | (ii) | - | (D) विद्या रूपी धन | |
| | - | (iii) | - | (C) (2) और (3) | |
| | - | (iv) | - | (B) नीलकंठ | |
| | - | (v) | - | (A) ग्राम में वास – तत्पुरुष समास | |
| | - | - | (i) | (B) कर्मधारय समास | |
| | - | - | (ii) | (D) पूँजी का पति | |
| | - | - | (iii) | (A) (1) और (2) | |
| | - | - | (iv) | (A) पीतांबर | |
| | - | - | (v) | (D) रसोई के लिए घर – तत्पुरुष | |
| 6 | 6 | 6 | 6 | **'मुहावरे'** पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | **4 x 1 = 4** |
| | (i) | - | - | (A) (1) और (2) | |
| | (ii) | - | - | (A) तू-तू, मैं-मैं – लड़ाई-झगड़ा | |
| | (iii) | - | - | (D) खाल खींचना | |
| | (iv) | - | - | (B) उड़ती चिड़िया के पर गिनना | |
| | (v) | - | - | (D) दिन-रात एक करना | |
| | (vi) | - | - | (B) फूटी आँख न सुहाना | |
| | - | (i) | - | (A) (1) और (2) | |
| | - | (ii) | - | (A) तू-तू, मैं-मैं – लड़ाई-झगड़ा | |
| | - | (iii) | - | (A) अंत करना | |
| | - | (iv) | - | (D) दो से चार बनाने का गणित | |
| | - | (v) | - | (D) दिन-रात एक करना | |
| | - | (vi) | - | (B) फूटी आँख न सुहाना | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | - | (i) | (A) (1) और (2) | |
| | - | - | (ii) | (A) तू-तू, मैं-मैं – लड़ाई-झगड़ा | |
| | - | - | (iii) | (A) काम तमाम करना | |
| | - | - | (iv) | (A) विरोध करना | |
| | - | - | (v) | (D) दिन रात एक करना | |
| | - | - | (vi) | (B) फूटी आँख न सुहाना | |
| **7** | **7** | **9** | **9** | **'पठित पद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : | **5 x 1** |
| | (i) | (i) | (i) | (A) अज्ञानता और ज्ञान का | **= 5** |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (B) ईश्वर से वियोग के कारण व्यथित हैं। | |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (C) कोई उपाय काम न आना | |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (D) विरह रूपी सर्प से ग्रसित व्यक्ति से | |
| | (v) | (v) | (v) | (D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है। | |
| **8** | **8** | **10** | **10** | **'काव्य खंड'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : | **2 x 1** |
| | (i) | (i) | (i) | (C) मनुष्य द्वारा किए गए उसके कर्म | **= 2** |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (A) देश के आत्मसम्मान और गौरव पर आँच न आने देना। | |
| **9** | **9** | **7** | **7** | **'पठित गद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : | **5 x 1** |
| | (i) | (i) | (i) | (D) प्राकृतिक परिवेश था। | **= 5** |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (B) बढ़ते शहरीकरण से जीव-जंतुओं के बेघर होने की ओर | |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (B) अस्थायी पड़ाव बनाना। | |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (B) वहाँ अपना घोंसला होने के कारण | |
| | (v) | (v) | (v) | (D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है। | |
| **10** | **10** | **8** | **8** | **'गद्य खंड'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : | **2 x 1** |
| | (i) | (i) | (i) | (C) विपरीत परिस्थितियाँ मनुष्य को सक्षम बनाने में सहायक हैं। | **= 2** |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (D) पारिवारिक संस्कारों के कारण | |
| | | | | **खंड - 'ब'**<br>**(वर्णनात्मक प्रश्न)** | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **11** | **11** | **11** | **12** | **'गद्य खंड'** पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित – | **2 x 3 = 6** |
| | (क) | - | - | <u>वर्तमान स्थिति-</u><br>• रोज़गार के लिए अत्यधिक प्रतिस्पर्धा<br>• रोज़गार के साधन सीमित<br>• वर्तमान में शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य - नौकरी<br>• योग्यता अनुसार काम और आय के अवसर कम होना<br><u>कारण –</u><br>• जनसंख्या में अप्रत्याशित वृद्धि<br>• पारंपरिक कुटीर उद्योगों का अभाव<br>• शिक्षा प्राप्त करने की अधिक दर<br>• व्यावसायिक एवं कौशल आधारित शिक्षा की कमी<br>• शारीरिक श्रम से अधिक बौद्धिक श्रम को प्राथमिकता<br>(विद्यार्थी के उचित तर्कों पर भी अंक दिए जाएँ) | **1+2= 3** |
| | (ख) | - | - | • लोगों में उत्साह और नवीनता<br>• सभा में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी<br>• पुरुषों के साथ स्त्रियों की भी महत्त्वपूर्ण भूमिका<br>• सार्वजानिक स्थल और व्यक्तिगत मकानों को सजाया गया और झंडे लगाए गए | **3** |
| | (ग) | - | - | <u>टी-सेरेमनी का वर्णन -</u><br>• प्राकृतिक और शांत वातावरण<br>• चाजीन की गरिमापूर्ण क्रियाएँ<br>• एक समय में तीन से अधिक व्यक्तियों का प्रवेश निषेध<br>• थोड़ी-सी चाय घूँट-घूँट पीना<br>• भूत-भविष्य को छोड़ वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करना<br><u>भारत में स्थिति -</u> | **1+2= 3** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | • हाँ, हमारे यहाँ प्राचीन काल से योग, ध्यान और अन्य आध्यात्मिक क्रियाएँ अपनाई जाती हैं।<br>(विद्यार्थी की संदर्भगत समझ और अभिव्यक्ति के आधार पर अन्य उत्तर भी स्वीकार्य ) | |
| - | (क) | - | | • बड़े भाई को पता चलने पर डाँट-फटकार का भय<br>• अपने बड़े भाई के प्रति सम्मान के कारण<br>(मुक्त उत्तर, विद्यार्थी द्वारा पक्ष और विपक्ष में दिए गए उचित तर्क स्वीकार्य) | **1+2= 3** |
| - | (ख) | - | | • पुलिस कमिश्नर द्वारा सभा आयोजित न करने और कर्मचारियों के भाग लेने पर दोषी समझे जाने का नोटिस<br>• जबकि कौंसिल की तरफ से चार बजकर चौबीस मिनट पर झंडा फहराने और स्वतंत्रता की प्रतिज्ञा प□ने के लिए सर्वसाधारण को सभा में उपस्थिति का नोटिस<br>• प्रशासन को ऐसी खुली चुनौती पहले कभी नहीं दी गई।<br>• ऐसी सभा और सर्वसाधारण की इतनी उपस्थिति भी पहले कभी नहीं हुई। | **3** |
| - | (ग) | - | | • विद्यार्थी की संदर्भगत समझ और अभिव्यक्ति के आधार पर मुक्त उत्तर स्वीकार्य | **3** |
| - | - | **(क)** | | • आदर्श स्थिति को बनाए रखने के लिए अपनी इच्छाओं को दबाए रखना<br>• अंदर के बचपन का जीवित रहना<br>• छोटे भाई को पथभ्रष्ट होने से बचाने का दायित्वबोध<br>• दोनों के बीच की समझ/दोनों के बीच की दूरी का कम होना | **3** |
| - | - | **(ख)** | | • ऐसी खुली चुनौती पहले कभी नहीं हुई थी<br>• ऐसी सभा और सर्वसाधारण की इतनी उपस्थिति भी पहले कभी नहीं हुई<br>• लोगों में उत्साह और नवीनता<br>• पुरुषों के साथ स्त्रियों की भी महत्त्वपूर्ण भूमिका | **3** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | • सार्वजानिक स्थल और व्यक्तिगत मकानों को सजाया गया और झंडे लगाए गए<br>(विद्यार्थी की संदर्भगत समझ और अभिव्यक्ति के आधार पर मुक्त उत्तर स्वीकार्य) | |
| | - | - | (ग) | • पक्ष और विपक्ष में विद्यार्थी के तर्कपूर्ण मुक्त उत्तर स्वीकार्य | 3 |
| 12 | 12 | 12 | 11 | 'काव्य खंड' पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित – | 2 x 3 = 6 |
| | (क) | (क) | (क) | • पर्वतीय प्रदेश में वर्षा से पूर्व एवं वर्षा के समय के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन<br>• विशालकाय पर्वत का पुष्प रूपी नेत्रों से अपनी तलहटी में दर्पण के समान विशाल सरोवर में अपनी छवि देखकर मुग्ध होना<br>• पर्वतों की चोटी से गिरते झरने की सुंदरता की तुलना मोती की लड़ियों से करना<br>• पर्वतीय प्रदेश के शाल के वृक्षों की सुंदरता<br>• बादलों से घिरकर पर्वत का अदृश्य होना, मूसलाधार वर्षा होना, पर्वतीय दृश्य का अदृश्य हो जाना, चारों तरफ धुआँ-धुआँ सा दिखाई देना आदि | 3 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | <u>प्रतीक</u> -<br>• तोप – आततायी सत्ता का<br>• चिड़िया – आम जनता का<br><u>संदेश</u> -<br>• अत्याचारी शासक चाहे कितना भी ताकतवर क्यों न हो उसकी ताकत का अंत निश्चित<br>• अतीत की गलतियों से सबक<br>• आततायी सत्ता का अंत होने पर आम जनता में प्रसन्नता | 2+1= 3 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | • देश की अस्मिता पर हमला करने वालों को मुँहतोड़ जवाब देना<br>• देश की रक्षा के लिए सदैव तत्पर, सजग और सतर्क रहना<br>• देश के लिए मर-मिटना | 3 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 13 | 13 | 13 | 13 | **'पूरक पाठ्य-पुस्तक'** पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित – | 2 x 3 = 6 |
| | (क) | (क) | (क) | पहलू-<br>• पारिवारिक रिश्तों में स्वार्थ, संवेदनहीनता<br>• समाज में व्याप्त धार्मिक अंधविश्वास<br>• टूटते-बिखरते जीवन मूल्य<br>मदद –<br>• कुछ समय उनके साथ बिताकर, उनका दुख-दर्द बाँटकर<br>• पुलिस व मीडिया की मदद लेकर<br>(इसी प्रकार के अन्य उचित तर्क भी स्वीकार्य) | 2+1= 3 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | • भरे-पूरे परिवार के बावजूद पारिवारिक प्रेम के अभाव में हरिहर काका एवं टोपी शुक्ला अकेलेपन के शिकार<br>• किसी के पास उनसे बात करने, उनका दुख-दर्द बाँटने का समय नहीं<br>• उनकी भावनाओं को समझने वाला कोई नहीं<br>• उपेक्षा का शिकार | 3 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | • वर्तमान समय में तकनीक की मदद से प्रचार-प्रसार के साधनों में अप्रत्याशित प्रगति<br>• मुद्रित माध्यमों, इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों और डिजिटल माध्यमों/इंटरनेट की मदद से किसी भी चीज का व्यापक प्रचार-प्रसार<br>• विज्ञापनों का आकर्षक स्वरुप | 3 |
| 14 | 14 | 14 | 14 | किसी **एक** विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लेखन :<br>• विषय-वस्तु – 3 अंक<br>• भाषा – 1 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक | 1 x 5 = 5 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **15** | **15** | **16** | **17** | किसी **एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में औपचारिक पत्र लेखन:<br>• आरंभ व अंत की औपचारिकताएँ – 1 अंक<br>• विषय-वस्तु – 3 अंक<br>• भाषा – 1 अंक | **1 x 5 = 5** |
| **16** | **16** | **15** | **15** | किसी **एक** विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लेखन:<br>• विषय-वस्तु – 2 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक<br>• भाषा – 1 अंक | **1 x 4 = 4** |
| **17** | **17** | **17** | **16** | किसी **एक** विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन :<br>• विषय-वस्तु – 1 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक<br>• भाषा – 1 अंक | **1 x 3 = 3** |
| **18** | **18** | **18** | **18** | लगभग 100 शब्दों में लघुकथा **अथवा** ई-मेल लेखन :<br>लघुकथा लेखन –<br>• विषय-वस्तु – 3 अंक<br>• भाषा – 1 अंक<br>• प्रभाव – 1 अंक<br>**अथवा**<br>अनौपचारिक ई-मेल लेखन-<br>• औपचारिकताएँ – 1 अंक<br>• विषय-वस्तु – 2 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक<br>• भाषा – 1 अंक<br>नोट – पाठ्यक्रम में औपचारिक ई-मेल लेखन है जबकि प्रश्न पत्र में अनौपचारिक ई-मेल लेखन पूछा गया है। अतः प्रारूप को ध्यान में रखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ। | **1 x 5 = 5** |